**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 22.01.2025** **समय : 02.10PM**

**पीएम- बेटी बचाओ बेटी पढाओ** **22.01.2025/02.10PM**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान मे समाज के सभी वर्गो की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री-पुरूष के बीच का विभेद कम हुआ है तथा बालिकाओं की शिक्षा और कॅरिअर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लडके-लडकियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्परिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री-पुरूष समानता की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ है। श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से श्री मोदी का संदेश भी जारी किया गया है।

प्रदेश में, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" पहल के 10 वर्ष पूरे होने पर आज से 8 मार्च तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और सैनिटरी पैड का वितरण जैसे कार्यक्रम हो रहे हैं।

**निवेश सम्मेलन-पुणे** **22.01.2025/02.10PM**

राज्य में निवेश की संभावनाओं को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए आज पुणे में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। साथ ही राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा होगी। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन के माध्यम से निवेश का प्रमुख

केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। राज्य शासन की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि अब तक राज्य को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए यह सत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" की तैयारियों का हिस्सा है।

पीएम सूर्य घर-सब्सिडी **22.01.2025/02.10PM**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक कुल 8 हजार 170 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 7 हजार 14 उपभोक्ताओं को 54 करोड, 62 लाख 59 हजार रूपये की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं।

**मौसम** **22.01.2025/02.10PM**

हवा का रुख बदलने से प्रदेश में दिन की ठंड गायब हो गई है। ज्यादातर शहरों में पारा 25 डिग्री के पार है। धूप भी तेज है। हालांकि, रात में ठंड का असर है। भोपाल, मंडला, पचमढ़ी, राजगढ़, उमरिया, नौगांव जैसे शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे ही चल रहा है। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि हवाओं की रफ्तार कम होने से सर्दी से लोगों को राहत मिली है। दिन और रात दोनों के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। कल रात का तापमान 14 डिग्री दर्ज हुआ। जिले में अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 24 जनवरी से ठंड का एक दौर शुरू हो सकता है। इससे पहले आज ग्वालियर-चंबल में बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तरी हवा आने से रात के तापमान में गिरावट के आसार है।

**संक्षिप्त समाचार** **22.01.2025/02.10PM**

1- समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु आगरमालवा जिले के कृषकों के पंजीयन किये जाने को लेकर कल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रबंधकों एवं ऑपरेटर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

2- जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित कक्षा दूसरी से 8वी तक के विद्यार्थियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता बैतूल में आज और कल आयोजित की जा रही है।

3- जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार से गणतंत्र दिवस के अवसर पर 11 कैदियों को रिहा किया जाएगा।

4- शिवपुरी जिले में गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा।

5- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 7 से 9 मार्च तक सातवां पक्षी सर्वे होगा।

6- खंडवा से अलीराजपुर के बीच 250 किमी लंबाई वाले नये रेल मार्ग का सर्वे कल से शुरू हुआ।